दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-14, अंक-67 रविवार 09 मार्च, 2025, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न



**बल्लभगढ़, 08 मार्च, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में 53वीं वार्षिक एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का विधिवत रूप से समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। शुक्रवार को आरंभ हुए इस एथलीट मीट के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश गुप्ता एवं अग्रवाल कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ०संजीव गुप्ता उपस्थित रहे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हार-जीत जीवन का हिस्सा है। खिलाड़ी को हमेशा अच्छे संस्कारों के साथ अच्छी भावना के साथ खेलना चाहिये। खिलाड़ियों को चाहिए कि वह अपनी कमियों को ध्यानपूर्वक देखें और भविष्य में उन्हें सुधारने का प्रयास करें। खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्र एवं छात्रा वर्ग के रूप में अलग अलग चरणों में सम्पन्न करवाया गया। इस में कुल 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। छात्र वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 500 मीटर, 800 मीटर तथा 1500 मीटर, 5 किलोमीटर तथा 10 किलोमीटर की रेस के साथ, शॉट पुट, हाई जंप, हैमर थ्रो, जेवलिन थ्रो, लंबी कूद तथा छात्रा वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर तथा 3 किलोमीटर की रेस के साथ हाई जंप, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, तथा ऊंची कूद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शारीरिक शिक्षक डॉ० जगबीर सिंह, नंदकिशोर, मोहित हुड्डा एवं पवन दलाल के कुशल निर्देशन में सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। छात्रा वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट उमा रहीं और छात्र वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट अभय रहे।

# खेल में हार जीत से बढ़कर खिलाड़ी भावना का संस्कार जरूरी : देवेंद्र कुमार गुप्ता

## अग्रवाल कॉलेज में 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न




**नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में 08 मार्च 2025 को 53वीं वार्षिक एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का विधिवत रूप से समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ।

07 मार्च 2025 को आरंभ हुए इस एथलीट मीट के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र कुमार गुप्ता प्रधान, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा एवं अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज प्रबंधन समिति, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश गुप्ता एडवोकेट, अग्रवाल प्रबंधन समिति के महासचिव, एवं अग्रवाल कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ0 संजीव गुप्ता उपस्थित रहे।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हार-जीत जीवन का हिस्सा है। खिलाड़ी को हमेशा अच्छे संस्करों के साथ अच्छी भावना के साथ खेलना चाहिये। खिलाड़ियों को चाहिए कि वह अपनी कमियों को ध्यानपूर्वक देखें और भविष्य में उन्हें सुधारने का प्रयास करें ।

खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्र एवं छात्रा वर्ग के रूप में अलग अलग चरणों में सम्पन्न करवाया गया। इस में कुल 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। छात्र वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 500 मीटरए 800 मीटर तथा 1500 मीटर, 5 किलोमीटर तथा 10 किलोमीटर की रेस के साथ, शॉट पुटए हाई जंप, हैमर (हथौड़ा) थ्रो, जेवलिन थ्रो, लंबी कूद तथा छात्रा वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर तथा 3 किलोमीटर की रेस के साथ हाई जंप, हैमर (हथौड़ा) थ्रो, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रोए तथा ऊंची कूद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शारीरिक शिक्षक डॉ0 जगबीर सिंह, नंदकिशोर, मोहित हुड्डा एवं पवन दलाल के कुशल निर्देशन में सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। छात्रा वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट उमा (बीए प्रथम वर्ष) रहीं और छात्र वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट अभय (बीए प्रथम वर्ष) रहे।

GOVT OF INDIA RNI NO. 6859/61

साहस सच दिखाने का
भारत दर्शन
सबसे तेज-सबसे अलग खबरें, अब एक क्लिक पर
www.bharatdarshannews.com



ESTD : Since 1961
पढ़ेगा भारत, बढ़ेगा भारत!



## FARIDABAD

## 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह (Mukhi Deepak Kathuria) www.bharatdarshannews.com




**Bharat Darshan Ballabgarh News, 08 March 2025 :** दिनांक 8-03-2025 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में 53वीं वार्षिक एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का विधिवत रूप से समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। दिनांक 7-03-2025 को आरंभ हुए इस एथलीट मीट के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र कुमार गुप्ता (प्रधान, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा एवं अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज प्रबंधन समिति) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश गुप्ता (एडवोकेट, अग्रवाल प्रबंधन समिति के महासचिव ) एवं अग्रवाल कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता उपस्थित रहे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हार-जीत जीवन का हिस्सा है। खिलाड़ी को हमेशा अच्छे संस्करों के साथ अच्छी भावना के साथ खेलना चाहिये। खिलाड़ियों को चाहिए कि वह अपनी कमियों को ध्यानपूर्वक देखें और भविष्य में उन्हें सुधारने का प्रयास करें । खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्र एवं छात्रा वर्ग के रूप में अलग अलग चरणों में सम्पन्न करवाया गया। इस में कुल 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। छात्र वर्ग में 100 मीटर,200 मीटर, 500 मीटर,800 मीटर तथा 1500 मीटर , 5 किलोमीटर तथा 10 किलोमीटर की रेस के साथ, शॉट पुट, हाई जंप, हैमर (हथौड़ा) थ्रो, जेवलिन थ्रो, लंबी कूद तथा छात्रा वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर तथा 3 किलोमीटर की रेस के साथ हाई जंप, हैमर (हथौड़ा) थ्रो,जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, तथा ऊंची कूद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शारीरिक शिक्षक डॉ० जगबीर सिंह, नंदकिशोर, मोहित हुड्डा एवं श्री पवन दलाल के कुशल निर्देशन में सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। छात्रा वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट उमा (बी.ए प्रथम वर्ष) रहीं और छात्र वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट अभय (बी.ए प्रथम वर्ष) रहे ।

# 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

Jantantratoday March 8, 2025



**फरीदाबाद , जनतंत्र टुडे /** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में 53वीं वार्षिक एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का विधिवत रूप से समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। दिनांक 7-03-2025 को आरंभ हुए इस एथलीट मीट के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र कुमार गुप्ता (प्रधान, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा एवं अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज प्रबंधन समिति) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश गुप्ता (एडवोकेट, अग्रवाल प्रबंधन समिति के महासचिव ) एवं अग्रवाल कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता उपस्थित रहे।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हार-जीत जीवन का हिस्सा है। खिलाड़ी को हमेशा अच्छे संस्करों के साथ अच्छी भावना के साथ खेलना चाहिये। खिलाड़ियों को चाहिए कि वह अपनी कमियों को ध्यानपूर्वक देखें और भविष्य में उन्हें सुधारने का प्रयास करें ।
खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्र एवं छात्रा वर्ग के रूप में अलग अलग चरणों में सम्पन्न करवाया गया।

इस में कुल 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। छात्र वर्ग में 100 मीटर,200 मीटर, 500 मीटर,800 मीटर तथा 1500 मीटर , 5 किलोमीटर तथा 10 किलोमीटर की रेस के साथ, शॉट पुट, हाई जंप, हैमर (हथौड़ा) थ्रो, जेवलिन थ्रो, लंबी कूद तथा छात्रा वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर तथा 3 किलोमीटर की रेस के साथ हाई जंप, हैमर (हथौड़ा) थ्रो,जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, तथा ऊंची कूद का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शारीरिक शिक्षक डॉ० जगबीर सिंह, नंदकिशोर, मोहित हुड्डा एवं पवन दलाल के कुशल निर्देशन में सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। छात्रा वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट उमा (बी.ए प्रथम वर्ष) रहीं और छात्र वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट अभय (बी.ए प्रथम वर्ष) रहे ।



जागरण सिटी फरीदाबाद || दैनिक जागरण नई दिल्ली, 9 मार्च, 2025

# उमा और अभय बने सर्वश्रेष्ठ एथलीट

जागरण संवाददाता, बल्लभगढ़: अग्रवाल कालेज की 53वीं वार्षिक एथलेटिक मीट में सर्वश्रेष्ठ एथलीट के रूप में छात्राओं में उमा और छात्रों में अभय बने हैं। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कालेज के चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता और कार्यवाहक प्राचार्य डा. संजीव गुप्ता ने दोनों खिलाड़ियों को खेलों का झंडा सौंपा। इस अवसर उन्होंने सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि हार-जीत जीवन का हिस्सा है। खिलाड़ी को हमेशा अच्छे संस्कार और भावना के साथ खेलना चाहिए। मीट में कुल 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। छात्र वर्ग में 100, 200, 500, 800, 1500, 10 किलोमीटर दौड़ के साथ गोला फेंक, हाई जंप, हैमर थ्रो, जेवलिन थ्रो, लंबी कूद तथा छात्रा वर्ग में 100, 200, 400, 800, 1500, तीन किलोमीटर दौड़ के साथ हाई जंप, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, तथा ऊंची कूद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक डा. जगबीर सिंह, नंदकिशोर, मोहित हुड्डा, पवन दलाल की देख-रेख में प्रतियोगिता सफलतापूर्वक समपन्न हुई।

अग्रवाल कालेज की 53 वीं वार्षिक एथलेटिक मीट के समापन अवसर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अभय और उमा को झंडा सौंपते हुए चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता, कार्यवाहक प्राचार्य डा. संजीव गुप्ता • सौ. कालेज प्रवक्ता

हिन्दुस्तान
रविवार, 9 मार्च 2025
02
www.livehindustan.com

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज में 53वीं वार्षिक दो दिवसीय एथलेटिक मीट (वार्षिक खेलकूद) प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्रा वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट उमा (बीए प्रथम वर्ष) रहीं और छात्र वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट अभय (बीए प्रथम वर्ष) रहे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा एवं अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता रहे।